तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025



12 बिजली दरों में वृद्धि का विरोध ब्लाक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन





10 जिले में कल होगा वृहद पौधारोपण महोत्सव






## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**बालोद**। ग्राम रूदा में एक महिला ने घर के कमरे में स्थित पंखे में प्लास्टिक रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही थाना के ग्राम रूदा में 35 वर्षीय जैवंतीन ठाकुर ने घर के कमरे मे स्थित पंखे मे प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जहां जब महिला के कमरे को सुबह खटखटाया गया तो उसने दरवाजा नहीं खोला, जिसके बाद ग्रामीणो की मदद से दरवाजा खोलने पर महिला फंदे पर लटकती मिली। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई, जहां मौके पर पुलिस पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार महिला के दो छोटे बच्चे भी है, लेकिन महिला ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी जांच में पुलिस जुट गई है।

### वाहन पार्किंग पर हुई पड़ोसियों में मारपीट

**बालोद**। पड़ोसी द्वारा गली में रखे वाहन को रेत, गिट्टटी रखने के लिए हटाने की बात को लेकर दो पड़ोसी में मारपीट की नौबत आ गई। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अर्जुन्दा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजेंद्र कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि मकान निर्माण के लिए घर के सामने गिट्टी, रेत गली में रखा हूं। जहां आशीष सोनकर अपने चारपहिया गाड़ी को खड़ा कर दिया था। गाड़ी हटाने कहा तो आशीष व राकेश ने कहा कि पहले रेत, गिट्टटी को हटाओ। जिसके बाद दोनों ने हाथ, मुक्का से मारपीट कर जमीन में पटक दिया। वहीं राकेश सोनकर ने जानकारी दी है कि कचरा गाड़ी आने की वजह से गाड़ी को राजेंद्र के घर के सामने खड़ा कर दिया था। जिसके बाद आक्रोशित होकर वह मुझे हाथ, मुक्का और पत्थर से पत्नी के सिर को मार दिया।

### रेंगाडबरी में कांवरियों का हुआ स्वागत

**डौण्डीलोहारा**। वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में इस वर्ष भी श्रवण मास में शिव भक्त अंबागढ़ चौकी के शिवनाथ तट से जलाभिषेक लेकर मां कौशल्या धाम जामड़ी पाटेश्वर धाम के लिए रवाना हुई। शिव भक्तों की टोली इसी दौरान अपरान्ह 4 बजे को वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के बाजार चौक में बोल बम सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा भव्य स्वागत कर गली भ्रमण शेष पेज 10 पर

## कार्रवाई

### केंद्राध्यक्ष ने छात्रों को परीक्षा में बैठने से रोका, जनप्रतिनिधियों ने किया विरोध और कलेक्टर से शिकायत

# विदआउट यूनिफार्म, परीक्षा से किया वंचित, केंद्राध्यक्ष को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

डौंडी विकासखंड के ग्राम सेजेस स्थित नेहरू स्कूल (दल्लीराजहरा) में दसवीं बोर्ड की पूरक परीक्षा देने पहुंचे स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कुसुमकसा के दो आदिवासी छात्रों को यूनिफॉर्म की कमी के चलते परीक्षा से वंचित कर दिया गया। इस मामले को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी रोष है। उन्होंने कलेक्टर बालोद से मुलाकात कर केंद्राध्यक्ष पर कार्रवाई और छात्रों को फिर से परीक्षा देने की अनुमति की मांग की।

छात्र करण कुमार उर्वशा अरमुरकसा और कुणाल भुआर्य गुंडराटोला, कुसुमकसा निर्धारित समय से पहले सुबह 8.30 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचे थे, लेकिन परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्राध्यक्ष टीआर रानाडे ने दोनों को केवल इस आधार पर परीक्षा कक्ष में प्रवेश से रोक दिया कि वे पूरी यूनिफॉर्म में नहीं हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर



### यूनिफॉर्म पहनकर लौटे तब भी नहीं मिली अनुमति

छात्र निराश होकर अपने गांव लौटे और गीली पैंट पहनकर पूरी यूनिफॉर्म में दोबारा केंद्र पहुंचे। इस दौरान समय 10:15 बजे हो गया था। लेकिन तब भी उन्हें परीक्षा में विलंब से आने के आधार पर परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया।

### जनप्रतिनिधियों ने जताया विरोध

घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व जनपद सदस्य संजय बेस, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, सरपंच वेदबाई पिस्दा, उपसरपंच नितिन जैन, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार, स्वाधीन जैन, पुष्पजित बैस सहित अन्य जनप्रतिनिधि छात्रों के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे। उन्होंने केंद्राध्यक्ष से चर्चा कर नियमों की लिखित प्रति दिखाने की मांग की, परंतु रानाडे जी ने केवल बोर्ड नियम का हवाला देते हुए कार्रवाई को सही ठहराया।

### कलेक्टर ने माना केंद्राध्यक्ष की गलती

छात्रों और जनप्रतिनिधियों ने बालोद कलेक्टर से मुलाकात कर इस लापरवाही और हठधर्मिता की शिकायत की। कलेक्टर ने मामले को गंभीर मानते हुए केंद्राध्यक्ष को तत्काल हटाने के निर्देश दिए और उनके निलंबन हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने की जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि छात्रों का एक साल खराब न हो, इसलिए उन्हें सामाजिक विज्ञान विषय की पुनः परीक्षा देने की अनुमति दी जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों से चर्चा कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

### न्याय की उम्मीद में छात्र

परीक्षा से वंचित दोनों आदिवासी छात्रों और उनके परिजनों ने अब शासन-प्रशासन से न्याय की उम्मीद जताई है। यह मामला न केवल शैक्षणिक प्रशासन में संवेदनहीनता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा पाने के लिए कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# ससुर की हत्या के आरोप में बहू और प्रेमी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

डौण्डीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ेनाडीह में हुई एक रहस्यमयी मौत का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मनोहर निर्मलकर की हत्या उसकी बहू गीता निर्मलकर और उसका प्रेमी वाद्ययंत्र शिक्षक लेखराम निषाद ने बिजली का करंट लगाकर की थी।

- पुलिस ने 24 घंटे में हत्या का किया पर्दाफाश

मामले की जानकारी 17 जुलाई को मृतक के भाई भानू राम निर्मलकर द्वारा पुलिस को दी गई थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच में मृतक के चेहरे और गले पर खरोंच और जलने के निशान पाए गए। शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें करंट लगने से मृत्यु की पुष्टि हुई और इसे हत्या बताया गया। पुलिस की पूछताछ में मृतक की बहू गीता ने कबूल किया कि उसका ससुर शराब पीकर अक्सर गाली-गलौज और मारपीट करता था। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान थी। गीता ने अपने जानकार लेखराम निषाद से संपर्क कर ससुर को रास्ते ▶▶| शेष पेज 10 पर

### हत्या में प्रयुक्त सामाग्री बरामद

पुलिस ने आरोपी गीता निर्मलकर और लेखराम निषाद को 18 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर गीता के घर से लोहे का सब्बल, गमछा व अन्य सामग्री जब्त की गई। लेखराम के घर से प्लास्टिक ग्लब्स, बिजली वायर, प्लग, साइकिल और मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

जांच में डौण्डीलोहारा थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक, आरक्षक, महिला आरक्षक, सायबर सेल बालोद की विशेष भूमिका रही। **आरोपी** : गीता निर्मलकर पति गौकरण निर्मलकर उम्र 30 वर्ष, निवासी खड़ेनाडीह, लेखराम निषाद पिता स्व. फकीर राम निषाद, उम्र 45 वर्ष निवासी बड़गांव।

# बकरी चरवाहा अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत

**दल्लीराजहरा**। थाना क्षेत्र के पथराटोला गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डाल दिया। बकरी चराने निकले 53 वर्षीय अनूप कुमार की रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक अनूप कुमार पिता स्व. हरेंद्र, निवासी पथराटोला सुबह अपने घर से बकरी चराने के लिए निकला था। गांव से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक पार करते समय तेज रफ्तार ट्रेन अचानक आ गई। अनूप कुछ समझ पाता, उससे पहले ही ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आस-पास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। खते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# 4 किलो गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**अंडा**। मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करने वाले दो आरोपी सहित गांजा बिक्री में शामिल महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस प्रकरण में 4 किलो गांजा, परिवहन में प्रयुक्त एक मोटर सायकिल एवं 3 मोबाईल जब्त किए। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला की दो लड़के अपने मोटर सायकिल में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा ला रहे हैं। मुखबिर के बताये हुलये के अनुसार गीता



पेट्रोल पंप के पास मेन रोड मे दिखे जिसे रोककर तलाशी लिया गया जिसपर आरोपीगण नीतेश एवं रणवीर के पास मोटर सायकल के बीच मे एक हरा रंग के बैग के अंदर 4 किलो मादक पदार्थ गांजा मिला।

आरोपीगण द्वारा पुछताछ पर बताया कि आरोपीया गीतांजली द्वारा गांजा खरीद कर लाने के लिए 20 हजार रूपये दिये थे प्रकरण मे आरोपिया गीतांजली निवासी जंजगिरी रोड अण्डा को ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मवेशी बरामद, दर्जनों की मौत, तस्करों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम दैहान के जंगलों में ग्रामीणों की सूझबूझ और सजगता से एक बड़े गौ तस्करी प्रयास को देर रात विफल कर दिया गया। तस्कर

- ग्रामीणों ने बचाई दर्जनों मवेशियों की जान, मौके पर गौ तस्करियों के कई सामन मिले

सैकड़ों मवेशियों को अवैध रूप से ले जा रहे थे, लेकिन ग्रामीणों ने समय पर पुलिस को सूचना देकर इस आपराधिक गतिविधि को रोकने में अहम भूमिका निभाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तस्कर गोंदली जलाशय के किनारे से होते हुए सैकड़ों गायों को जंगलों



के रास्ते ले जा रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों को कुछ संदिग्ध गतिविधियों का आभास हुआ। गांव के जागरूक युवकों ने तस्करों से पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन जब जवाब गोलमोल मिला, तो उन्होंने तत्काल अन्य ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण देर रात टॉर्च की रोशनी में जंगल की ओर पहुंचे। जैसे ही तस्करों को ग्रामीणों और पुलिस की मौजूदगी का आभास हुआ, वे मौके पर बंधे मवेशी, खाना, बर्तन, बाइक और अन्य सामग्री छोड़कर भाग निकले। मौके पर पुलिस को सैकड़ों बंधे हुए मवेशी, खाना बनाने के बर्तन, कढ़ाई, चम्मच, थाली, राशन सामग्री, सब्ज़ी, एक मोटरसाइकिल, रजाई, कपड़े और अन्य सामान मिला वीडियो हुआ वायरल कार्रवाई के दौरान ग्रामीण युवकों द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इसमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह तस्कर ग्रामीणों और पुलिस की आहट पाकर बिना कुछ लिए भाग खड़े हुए, और उनका पूरा सामान जंगल में ही छूट गया। पुलिस ने मौके से बरामद सामग्री को जब्त कर लिया है और अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### महापुराण कथा 23 से माहेश्वरी भवन में होगी



**बालोद**। शहर के माहेश्वरी भवन में श्री शिव पुराण कथा का आयोजन 23 से 30 जुलाई तक किया जायेगा। कथा वाचन का समय दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक होगी। इसमें कथा वाचक आचार्य पं. प्रदीप मिश्रा के पुत्र पंडित राघव मिश्रा होंगे। इसमे 23 जुलाई बुधवार को कलश यात्रा शाम 4 बजे गणेश मंदिर से निकलेगी। 24 से 30 जुलाई तक कथा का आयोजन होगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने बताया कि उक्त आयोजन श्री शिव शक्ति सेवा समिति बालोद के तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी में समिति के लोग जुटे हुए हैं।


छत्तीसगढ़ (प्र) आई.टी.आई.
➡ इलेक्ट्रीशियन
➡ कोपा/हार्डवेयर
➡ हेल्थ इंस्पेक्टर
धनोरा, दुर्ग 9399532280

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444



**खबर संक्षेप**



## बीएसएनएल टावर की बैटरी बदली, सेवा प्रारंभ

**जामगांव आर।** बीएसएनएल दूर संचार विभाग जामगांव आर की बैटरी खराब होने के खबर प्रकाशन को गंभीरता से लिया। इसे विभाग के डीई जेपी प्रसाद एवं एसडीओ डीके बागड़े ने एक सप्ताह के अंदर 18 जुलाई को नई बैटरी लगाकर अपनी सक्रियता का प्रमाण देते हुए आम जनता को बीएसएनएल सेवा की सतत सुविधा से लाभान्वित किया। बीएसएनएल की इस सक्रियता की उपभोक्ताओं में अच्छी खासी हर्षमय चर्चा व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी इसी त्वरित पैटर्न में समस्या का हल करने लग जाए तो प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा और आमजनता को सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलेगा।

## सीएमओ ने बाल मंदिर और मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण किया



**बालोद।** नगर पालिका के नव पदस्थ सीएमओ मोबिन अली ने बालोद नगर पालिका द्वारा संचालित बाल मंदिर स्कूल एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण किया। बाल मंदिर स्कूल मे शिक्षकों के कार्य शैली को परखा, बच्चों की संख्या उनको दिए जाने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, वहां के समस्याओं से शिक्षकों ने उन्हें अवगत कराया। जिससे सीएमओ द्वारा जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया साथ ही बुधवारी बाजार मे लगे मोबाइल मेडिकल यूनिट मे जाकर उनको दिए जाने वाली सुविधा दवाइयों की स्थिति किये जाने वाले चिकित्सकिय जांच के बारे मे जानकारी ली नागरिकों को बेहतर सुविधा मिले इसके आदेश दिए गए। सीएमओ मोबिन अली ने कहा की बालोद बहोत ही सुन्दर जगह है यहाँ के नागरिक भी बहोत अच्छे है, बालोद को और सुन्दर बनाया एवं सुविधा से परिपूर्ण बनाया जायेगा जिसके संबंध मे जल्द ही कदम बढाया जायेगा।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के लिए मंगाए गए आवेदन

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित की गई है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत विधवा, परित्यक्त, दिव्यांगजन (दिव्यांगता 40 प्रतिशत) एवं 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक आवेदन कर सकते है। इसके साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक अपने साथ एक सहायक यात्र पर ले जाने की पात्रता होगी, जिसकी आयु 21–50 वर्ष होगी। साथ ही आवेदन हेतु आवेदन दो प्रतियों में भरा जाएगा। आवेदन पत्र मात्र हिन्दी में ही भरा जाएगा। आवेदन के साथ पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटो निर्धारित स्थान पर फंट पेज में लगाना होगा।

**तैयारी**

### कलेक्टर ने पौधारोपण तैयारियों की समीक्षा की

# जिले में कल होगा वृहद पौधारोपण महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बालोद जिले में रविवार 20 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद पौधारोपण सह वन महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में आयोजित इस वृहद एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन पूरी तरह से व्यवस्थित एवं गरिमा के अनुरूप संपन्न होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि बिल्कुल भी नही होनी चाहिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिले के सभी जनपद एवं अनुविभाग मुख्यालयों से जुड़े अधिकारियों से वर्चुअली संपर्क स्थापित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि संयुक्त जिला कार्यालय जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सांसद भोजराज नाग करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू एवं अन्य अतिथि शामिल होंगे। मिश्रा ने अधिकारियों को विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय विधायकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए हैं।




### जिले में पौधारोपण अभियान कल

**बालोद।** एक पेड़ मां के नाम बालोद जिला में पौधारोपण का व्यापक अभियान 20 जुलाई को चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री स्वाधीन जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश में व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में बालोद जिला प्रशासन के सहयोग से छत्तीसगढ़ चौंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से 20 जुलाई को बालोद जिला में एक महा पौधारोपण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश मंत्री, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स स्वाधीन जैन ने अपील करते हुए कहा कि आओ हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं और कार्यक्रम की तिथि 20 जुलाई सुबह 10 बजे दिन को सम्मिलित होए। कार्यक्रम का उद्धेश्यरू मातृशक्ति के सम्मान में पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना।

# सिरपुर में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान व गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा के मार्गदर्शन में ग्राम सिरपुर (बगईकोन्हा) में बाल संस्कार शाला का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां गायत्री की पूजा आरती मुख्य अतिथि दीपक कुमार साहू, बालक राम भौसार्य के कर कमलों से हुआ। तत्पश्चात सभी 45 बालक बालिकाओं का मंगल तिलक कर रक्षा सूत्र बांधकर स्वागत किया गया। केन्द्र प्रभारी आचार्य पीलू राम साहू ने बाल संस्कार शाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालक बालिकाओं को संस्कार वान, शालीन, स्वावलंबी, लाखों मनकों में अलग चमकने वाला हीरा अर्थात ईमानदार बनाना।

साथ ही मनोरंजन हेतु खेल, कहानी, स्वस्थ रहने, जीवन जीने की कला, प्रज्ञा गीत व योग व्यायाम प्रत्येक रविवार को मात्र दो घंटे संचालित किया जाएगा, जिसके लिए आचार्य के रूप में चूड़ामणि साहू व प्रेमसिंह रावटे को दायित्व दिया गया। बाल संस्कार शाला में बच्चों को भेजने के लिए सभी पालक सहमत हुए।

## कौशल प्रतियोगिता में शामिल होने अंतिम तिथि कल

**बालोद।** कौशल तिहार 2025 के अंतर्गत कौशल प्रतियोगिता में शामिल होने इच्छुक प्रशिक्षार्थी 20 जुलाई तक वेबसाईट पर ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 में प्रशिक्षित तथा प्रशिक्षणरत युवा जो जिले में प्रशिक्षण के आधार पर आटोमोटिव कोर्स, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, जल वितरण संचालक (वाटर डिस्ट्रीब्यूशन ऑपरेटर) एवं फिल्ड टेक्नीकेशिन कम्प्यूटिंग एण्ड पेरीफेर्लस् कोर्स अन्तर्गत कौशल प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 जुलाई तक जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, आईटीआई हास्टल भवन बालोद में आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कौशल तिहार का उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना एवं विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 के क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है जो संभवतः वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

# भारतीय अग्निवीर वायुसेना भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय अग्निवीर वायुसेना भर्ती हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भारतीय वायुसेना भर्ती द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों हेतु अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जलाई तक वायुसेना के वेबसाईट में जाकर पंजीयन करना होगा। जिसकी ऑनलाईन लिखित परीक्षा 25 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय, राज्य की शिक्षा संस्था से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय, त्रिवषएँय इंजीनियरिंग डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट या 12वीं परीक्षा में 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार का जन्म 02 जुलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 के बीच होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष हेतु 152 सेमी. एवं महिला हेतु 152 सेमी तथा सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी तथा महिला आवेदक हेतु समानुपात में, वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्य श्रवण क्षमता, –ष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा तत्पश्चात शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवार को 04 वर्ष के लिए चयन किया जाएगा तथा अग्निवीर वायु भतएँ के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा। इसके साथ ही 04 वर्ष की सेवा उपरांत उम्मीदवार को सेवा निधि पैकेज, जीवन बीमा कव्हरेज तथा अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र का लाम दिया जाएगा।

## व्यापमं परीक्षाओं में पारदर्शिता के निर्देश, सुरक्षा व्यवस्था हुई और सख्त

**बालोद।** बालोद। आगामी छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी परीक्षार्थियों से व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की पवित्रता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी अभ्यर्थियों का सहयोग आवश्यक है, जिससे योग्य और मेहनती अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित हो सके। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की जानकारी जिले के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं पुलिस नोडल अधिकारी मोनिका ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि अब व्यापम की परीक्षाओं में फ्रिस्किंग और मेटल डिटेक्टर जांच अनिवार्य कर दी गई है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच और मैन्युअल पैट डाउन फ्रिस्किंग की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की जांच अस्थायी कक्षों में महिला पुलिस द्वारा की जाएगी।

# धनोरा में हुई हीरक मंडल स्तरीय बाल संस्कार शाला



**बालोद।** बाल संस्कारशाला स्कूल नहीं है जहां अंग्रेजी गणित आदि विषयों की पढ़ाई होती हो, अपितु संस्कार शाला में केवल संस्कार परक शिक्षा के दौरान बालकों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा दिया जाता है, बाल संस्कार शाला सप्ताह में केवल एक दिन रविवार को 2 घंटे चलाई जाने वाली निःशुल्क सेवा है जिसमें 10 से 12 वर्ष के बालक बालिकाओं को खेल–खेल में रोचक तरीके से स्वस्थ रहने की कला ध्यान प्राणायाम गुरु एवं माता–पिता का आज्ञा पालन एवं अनुशासन प्रेरणा पद कहानी जीवन जीने की कला एवं मनोरंजन खेल आदि सिखाए जाते हैं।

प्रशिक्षक के रूप में शांतिकुंज प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार साहू एवं नामदेव साहू सभी आचार्यों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि युग का निर्माण कैसे होगा व्यक्ति के निर्माण से और व्यक्ति के निर्माण कैसे होगा बाल संस्कारशाला से। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा एवं ब्लॉक समन्वयक गुरुर धनसिंग गंजीर और हीरक मण्डल समन्वयक धोबनपूरी हरि साहू थे। प्रशिक्षण का आयोजन प्रज्ञा मंडल धनोरा एवं समस्त गायत्री परिजन के सहयोग से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में आसपास के 13 गांव के आचार्य गानों की उपस्थिति प्राप्त हुआ।

# पीपरछेड़ी स्कूल के तीन शिक्षकों को समारोहपूर्वक दी विदाई



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में सामूहिक रूप से तीन शिक्षकों को विदाई दी गई। इसमें सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान भी शामिल हैं। सेवानिवृत्त व्याख्याता उभय लाल देशमुख का प्रभारी प्राचार्य एमएल सार्वा द्वारा सॉल श्रीफल से स्वागत किया गया, जिन्होंने विद्यालय में अपना पूरा सेवा काल 38 वर्ष पूर्ण किया। देशमुख को सरपंच, पूर्व सरपंच व शाला प्रबंधन अध्यक्ष के द्वारा भी स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्थानांतरित व्याख्याता जोहन राम साहू, उच्च माध्यमिक विद्यालय शिक्षिका पूषा कोरटिया का स्वागत शाल श्रीफल से किया गया। स्वागत भाषण में प्रभारी प्राचार्य सार्वा द्वारा तीनों अतिथियों के योगदानों को प्रेषित किया गया। सरपंच कृष्णा राम साहू, पूर्व सरपंच गजेंद्र भेड़िया, शाला प्रबंधन अध्यक्ष श्रवण ठाकुर व पूर्व उप सरपंच अश्वनी साहू के द्वारा शिक्षकों के योगदानों को सराहा। सेवानिवृत्ति व्याख्याता उभय लाल देशमुख द्वारा संस्था को अपनी पत्नी हुलसी देशमुख के हाथों ध्वनि विस्तार यंत्र प्रदान किया तथा छठवीं से 12वीं मेधावी छात्रों को नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की। स्थानांतरित व्याख्याता जोहन राम साहू द्वारा विद्यालय को तीन सीलिंग पंखा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता आईएल साहू, टीआर सिन्हा, एनके जांगड़े, एनके ठाकुर, यूके साहू, पी राणा, वेदिका साहू, एम बोरकर, आर ठाकुर, डीके साहू, एनके निषाद, जयप्रकाश नायक, शशि प्रभा ठाकुर शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति अभियान का संदेश लेकर वापस लौटे तुलसी का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बालोद के दल्लीराजहरा से पंजाब तक सायकिल यात्रा के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान का संदेश लेकर वार्ड 14 से पंजाब तक की यात्रा प्रतिदिन 150 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए वापिस दल्लीराजहरा वार्ड 14 कच्चे दफाई पहुंचे। तुलसी राम साहू ने लगभग 5000 किलोमीटर तक तक की यात्रा पूर्ण की और वापस जहां से यात्रा प्रारम्भ किया वहां वापस सकुशल वापस लौटे। उनके वापस लौटने पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लेबर कॉलोनी केम्प 1राजहरा के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा उनका स्वागत कर उनके हौसले को बुलंद करने का प्रयास किया गया।



प्रधानपाठक श्रीमती दीप्ति पाण्डेय ने साल श्रीफल तिलक और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लेबर कॉलोनी कैम्प 1 राजहरा के प्रधानपाठक दीप्ति पाण्डेय, ममता घराना, खिलेश्वरी साहू, वंदना साहू, पीएस कोरेटी, घनश्याम साहू, दिनेश निषाद, सदाराम भुआर्य, ग्रीन कमांडो टीम उपस्थित रहे।

## जैन आगमो में श्रावक श्राविकाओं का है महत्वपूर्ण स्थान

**डौंडीलोहारा।** चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत ग्राम देवरी बंगला के जैन भवन में बुधवार को पर्याय ज्येष्ठा महासती विवेकशिलाश्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचन के अंतर्गत कहा कि जैन आगमो में श्रावक श्राविकाओं का भी बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान है। साधु संतों के लिए श्रावक श्राविकाओं को माता पिता की उपमा दी गई है।उन्होंने उनके गुणों का बखान करते हुए कहा कि श्रावक के वचन और व्यवहार शिष्टाचार से युक्त होने चाहिए वही श्रावकजी थोड़ा बोले परन्तु मीठा बोले जो सबको प्रिय लगे। जहां पर आवश्यकता हो वहीँ पर ही बोले, व्यर्थ की बातों में समय नष्ट न करें, वहीँ कुतर्कों से हमेशा ही बचकर रहना चाहिए।तर्क सहित व चतुराई पूर्वक व विनम्रता से ही बोले श्रावकजी अहंकार रहित बोले व मर्म कार्य वचन नहीं बोले साथ ही साथ कभी भी सूत्र सिद्धांत के विरुद्ध नहीं बोले।अपने आचरण व्यहवार से लोगों के बीच सम्मान के पात्र बने साथ ही साथ श्रावक के कार्यों से जिनशासन की हमेशा ही प्रभावना होती रहे इसका विशेष खयाल रखें।भगवान ने बताया है कि शुद्ध श्रावक व्रत के पालन से भी आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ा जा सकता है।आगमो में उत्कृष्ट श्रावकों के विस्तार से वर्णन मिलते हैं जिन्होंने भगवान की आज्ञा के अनुसार अपने जीवन को ढाला व कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हुए।संसार के अंदर में हर व्यक्ति दीक्षा ग्रहण नही कर सकता है परन्तु श्रावक की मर्यादाओं में रहकर भी साधना आराधना करते हुए कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ा जा सकता है।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCA AICTE Approved
BCom
MCom
MSW
MA Hindi
MSc Physics & Chemistry Computer Science
DCA
PGDCA
B.Lib
PG Diploma in YOGA
BEd
DElEd
BSc BEd
Anda, Durg
☎ : 9575037637, 6265377477

## पेज 9 के शेष

### विदआउट यूनिफार्म...

छात्रों ने बताया कि वे शर्ट और टाई पहने हुए थे, लेकिन बारिश के कारण यूनिफॉर्म की पैंट गीली हो गई थी, जिस कारण उन्होंने दूसरी पैंट पहन रखी थी। उन्होंने केंद्राध्यक्ष से निवेदन किया कि परीक्षा देने दी जाए, लेकिन उन्हें लौटने को कह दिया गया।

### ससुर की हत्या के ...

से हटाने की योजना बनाई। योजना के तहत 16 जुलाई की रात लेखराम घर में तैयार बिजली वायर और प्लास्टिक ग्लब्स लेकर पहुंचा। मृतक जब परछी में सो रहा था, तब दोनों ने मिलकर उस पर बिजली का करंट लगाया जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए गीता ने मृतक के चेहरे पर हल्दी, गुलाल लगाया और परिवार में यह बात फैलाई कि मनोहर की मौत साइकिल से गिरने की वजह से हुई है। हालांकि पुलिस की सतर्कता और सूझबूझ से पूरा मामला उजागर हो गया।

### 4 किलो गांजा जब्त ...

महिला आरक्षक की उपस्थिति मे घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो उक्त दोनो आरोपियो को गांजा लाने हेतु रूपये पैसे देना एवं बिक्री रकम को आपस में बंटवारा करना बताया। आरोपीगण का उक्त कृत्य अपराध धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है गिरफ्तार आरोपीगण को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने रणवीर मारकण्डे पिता धनेश्वर मारकण्डे 19 वर्ष निवासी ईतवारी बाजार अंडा, नीतेश कुर्रे पिता जागृत दास कुर्रे 22 वर्ष निवासी चंदखुरी थाना पुलगांव जिला दुर्ग, गीतांजली जोशी पति कमलेश जोशी 27 वर्ष निवासी ग्राम अण्डा पर कार्रवाई की है।

### रेंगाडबरी में कांवरियों ...

किया जाना है उसके बाद स्कूल मैदान में बोल बम सेवा समिति रेंगाडबरी के सदस्यों द्वारा भोजन प्रसादी का व्यवस्था किया गया है, नेमन साहू ने बताया कि रात्रि में रेंगाडबरी के सेवा मंडलीओ द्वारा भजन कीर्तन एवं जगराता का कार्यक्रम के पश्चात विश्राम कर दूसरे दिन सुबह 5 बजे जामड़ी पाटेश्वर धाम के लिए विदा किया जाएगा।

## पदोन्नति पर उप संचालक का कृषि स्नातक संघ ने किया सम्मान



**बालोद।** कृषि स्नातक संघ बालोद में नव पदस्थ उप सहायक संचालक से उप संचालक के पद पर पदोन्नत होने पर आशीष चंद्राकर से मुलाकात कर स्वागत सम्मान किया गया। संघ द्वारा उपसंचालक को विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर उपसंचालक द्वारा त्वरित निराकरण का आश्वसन दिया गया। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष नवल किशोर साहू, कोषाध्यक्ष बसंत कुमार भुआर्य, महिला उपाध्यक्ष चंद्रमुखी साहू, डायमंड प्रसाद भट्, शशि कला ठाकुर, देविका साहू, रेणुका साहू, टेमन साहू, दानेश्वर साहू, डाकेश्वर कांत शोनक, रवि वर्मा, सुनील साहू, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, डिकेंद्र सिंह वर्मा, कुंदन साहू, खुमान साहू, मिलाप राम साहू, भूखन निषाद, राजेश कुमार पटेल, बसंत जंघेल, प्रफुल्ल सोनकर उपस्थित थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

ॐ

फीचर इम्पैक्ट

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED




श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये




इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil
- ET&T • Mechanical
- Electrical Artificial
- Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM • MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A. • M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit
  - Yoga • Political Science • History • Geography
  - Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology
  - Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design
  - Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science • Digital Marketing
- Yoga Science • Nutrition & Dietetics
- Interior Design • Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**

प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025

website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्याथियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

**खबर संक्षेप**



## नपं का पौधारोपण अभियान कल

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत के सभा कक्ष में 20 जुलाई को होने वाले वृहद पौधारोपण अभियान के सफल आयोजन के लिए एसडीएम प्रतिमा ठाकरे एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि 20 तारीख को वृहद पैमाने में नगर पंचायत गुण्डरदेही में पौधारोपण का कार्य किया जाना है। 20 जुलाई को उप मुख्यमंत्री व बालोद जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, जिला कलेक्टर भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसके तहत पूरे गुण्डरदेही ब्लॉक में 60 हजार पौधे लगाए जाएंगे और नगर पंचायत गुण्डरदेही में 2 हजार पौधे लगाए जाएंगे। यह कार्यक्रम वार्ड एक एवं दो में बघमरा नदी किनारे तालाब के पास किया जाना है, जिसमें लगभग सभी वरिष्ठ जन गण, गणमान्य नागरिक पार्षद गण शामिल होकर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण करेंगे।

## जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता कल

**डौंडीलोहारा।** राज्य योगासन संघ के निर्देशानुसार बालोद जिला योगासन खेल संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय द्वितीय जिला योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 20 जुलाई को डौंडी लोहारा में आयोजित किया गया है। इसमें बालोद जिले के बालक-बालिका प्रतिभागी खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्ग सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग में अपने प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने दी जाएगी। उक्त जानकारी बालोद जिला योगासन के सचिव आशीष जायसवाल ने दी।

## क्रान्ति सेना का जबर हरेली आयोजन कल

**अंडा।** छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना द्वारा प्रदेश स्तरीय जबर हरेली का आयोजन 20 जुलाई को भिलाई में रखा गया है। इसमें सर्व छत्तीसगढ़िया समाज परिवार सहित शामिल होने की अपील की गई है। कामेश्वर साहू ने बताया जबर हरेली रैली 8 वर्षों से आयोजित हो रही है, जिसमे लाखों की संख्या में लोग हर्षोल्लास के साथ हरेली मनाते हैं। रैली पावहॉउस अम्बेडकर चौक से दशहरा मैदान रिसाली में आएगी। जहां आमसभा के साथ ऋतु वर्मा पंडवानी और दुष्यन्त हरमुख कृत रंग झरोखा का कार्यक्रम का आनंद लेंगे। उन्होंने दुर्ग ग्रामीण के सभी जनप्रतिनिधियों महिला समूहों आमजन को आमंत्रित किया गया है।

## बोड़की ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांगें अब भी अधूरी

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोड़की के नागरिकों ने एक बार फिर पंचायत और प्रशासन से अपनी वर्षों पुरानी बुनियादी सुविधाओं की माँगों को लेकर आवाज़ बुलंद की है। पूर्व सरपंच मधुलता यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बेलमांड में कई महत्वपूर्ण मार्ग आज भी निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ग्रामीण संगीता भंसारे, सत्या बाई, साधना साहू, लखनतिन बाई, सोमीन बाई, भुनेश्वरवरी, खेदिन बाई, ईश्वरी बाई, केकती बाई, नेमीन बाई, जमुना बाई, दानेश्वरी मण्डावी और युवराज विश्वकर्मा सहित अन्य नागरिकों ने बताया कि गांव में श्मशान घाट तक, पुराना पंचायत तक, सामुदायिक भवन के सामने से उपस्वास्थ्य केन्द्र तक, वार्ड क्रमांक 04, शीतला मंदिर के सामने, वार्ड क्रमांक 6, अवल किशोर के घर से मुख्य सड़क तक, वार्ड क्रमांक 13 से 17 तक की गलियां, उमरादाह से निपानी मार्ग का चौड़ीकरण की मांग की जा रही है।

**विरोध**

कांग्रेस ने किया विरोध, प्रदेश सरकार पर लगाए आरोप

# बिजली दरों में वृद्धि का विरोध ब्लाक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

ब्लाक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा द्वारा अभियंता कार्यालय का घेराव कर बिजली की दरों में वृद्धि को वापस लेने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक कुंवरसिंह निषाद उपस्थित थे।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा के अध्यक्ष संतु राम पटेल ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार ने घरेलू बिजली की दर में 20 पैसे, गैर घरेलू बिजली की दर में 25 पैसे और सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है जबकि पूर्ववतएँ कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि देखें तो मात्र 2 पैसे का था,जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। कांग्रेस सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल हॉफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपये के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निःशुल्क बिजली दिया, बीपीएल उपभोक्ताओं को को 40 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी गई। भाजपा जनता को लूटने तरह–तरह के हथकंडे अपना रही है। 2003 से 2018 तक रमन सिंह सरकार ने 3.10 रुपये अर्थात 94 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। वर्तमान सरकार ने डेढ़ साल में ही कुल 80 पैसे की वृद्धि कर 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। कांग्रेस पार्टी ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता काफी आक्रोशित रहे और पुलिस प्रशासन के बेरिकेड्स को तोड़ने का प्रयास किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा रेवाराम सिन्हा, मंगल राम साहू, हरिशंकर साहू, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा हरीश चंद्राकर, क्रांति भूषण साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना उमाशंकर साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद गुलशन चंद्राकर, जनपद सदस्य टुकेश्वरी साहू, जनपद सदस्य ललिता भू आर्य, जनपद सदस्यजयता राम ठाकुर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा अनुभव शर्मा, पार्षद वंदना राजू पारख सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## बिजली दर में बढ़ोतरी का विरोध, जपं सदस्य ने कार्यकर्ताओं के साथ सौंपा ज्ञापन



**अंडा।** छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित केंद्र तिरगा झोला में शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा चौथी बार आम जनता की जेब में अधिभार डालने का प्रयास करते हुए बिजली के दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है, जिसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी के साथ साथ किसानों के कृषि विधुत दर में भी 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई जिससे आम जनता और किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। अतः राज्य सरकार के इस जनविरोधी निर्णय जिससे विधुत दर में की गई बढ़ोतरी को वापस लिया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू, नंदकुमार साहू सरपंच रूदा खांडा, घसिया राम देशमुख सरपंच तिरगा, बसंती कौशल निषाद सरपंच झोला, नेमीन खुटेल सरपंच भोथली, पूर्व सरपंच भोथली रमेश कुमार साहू, बाबूलाल देशमुख पटेल तिरगा, रूखमन देशमुख तिरगा, उमेंद सिंह देशमुख, मजदूर यादव रूदा, कौशल निषाद झोला एवं उपसरपंच जी झोला, देवीलाल साहू, कलीराम साहू, सोनम साहू, हरी साहू, गैंद लाल साहू, यशपाल साहू, यवनेश साहू, राकेश साहू, पवन खुटेल, रिखीराम निषाद भोथली से तथा बड़ी संख्या में सभी गांवों के ग्रामीण जन मौजूद थे।

## कांग्रेस ने बिजली दरों में वृद्धि, खाद की कमी और गौ तस्करी के खिलाफ किया आंदोलन

**डौंडी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम के नेतृत्व में राज्य के भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर बिजली ऑफिस कार्यालय का घेराव तथा ब्लॉक के सोसायटियों में खाद की कमी तथा नगर पंचायत डौंडी के गौठान में रातों रात लगभग 300 गौ माता की तस्करी में दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही को लेकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया। सबसे पहले रेस्ट हाउस डौंडी से पैदल रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में लगे बैरीगेट को तोड़कर सामने धरने में बैठ गए। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने समस्त कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिकारियों द्वारा संतुष्ट जवाब नहीं मिला पीयूष सोनी ने अनुविभागीय अधिकारी सुरेश साहू एवं खाद्य विभाग के अधिकारी से चर्चा करके सभी सोसायटियों के जल्द से जल्द खाद की कमी को दूर करने को



**अधिकारियों ने 2 दिवस के अंदर सभी सोसायटियों में खाद पहुंचाने किया आश्वस्त**

कहा। बाद में सभी अधिकारी उच्च अधिकारियों से चर्चा कर 2 दिवस के अंदर सभी सोसायटियों में खाद पहुंचा देने के लिए आश्वस्त किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने भाजपा सरकार द्वारा फिर से बिजली बिल वृद्धि को लेकर जमकर हल्ला बोला बिजली विभाग के अधिकारी को बिजली बिल में हुए वृद्धि को वापस लेने हेतु शासन के लिए ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम ने सीएसपी वर्मा मैडम से नगर पंचायत डौंडी में हुए लगभग 300 गायों के तस्करी पर दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पुनीत सेन, कैलाश राजपूत, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश नूरुटि, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती दुग्गा, लोमश धुर्वा,जनपद सदस्य कुलदीप साहू, शिव बारला, शिवगिरी चुरेंद्र, रेवा रावटे,खिलेंद्र भुआर्य, लोमश धुर्वे, शंकर पिपरे,मीडिया प्रभारी रविकांत देशमुख,ज़ोन एवं सेक्टर के अध्यक्ष भोज राम साहू, परस मंडावी, गोवर्धन अमरिया, बहुर निषाद, टीका राम यादव, बीरेंद्र तारम, श्याम लाल साहू, रामसाय रावटे, गिरधारी सलामे, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन, शोएब रजा, शुभम गावड़े, शाहरुख खान, समीर धुर्वे, जागेश्वर ठाकुर, गोलू मंडावी,संदीप देवांगन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सरपंच गण, समस्त किसान, नगर के समस्त नागरिक उपस्थित थे।



# प्रशासन को तहसीलदार संघ ने 17 मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिले के अन्य संघों की तरह अब जिले के तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की राह पकड़ ली है। इसके तहत छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर को 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है और मांग पूरी न होने पर विभिन्न स्तर पर आंदोलन की बात कही है।

संघ का कहना है कि तहसीलों में कार्यरत अधिकारियों को बुनियादी संसाधनों, पदोन्नति अवसरों, तकनीकी सहयोग और सुरक्षा तक से वंचित रखा गया है, जिससे उनके कार्य निष्पादन में निरंतर कठिनाइयां आ रही हैं। इस संबंध में कई बार शासन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई है।

मांगें पूरी नहीं होने पर तीन चरणों के आंदोलन में पहले चरण 17 जुलाई को जिला कलेक्टरों के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। दूसरे चरण 21–26 जुलाई तक निजी संसाधनों से कार्यालयीन कार्य बंद किया जाएगा। तीसरे चरण में 28 जुलाई को जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश और प्रदर्शन किया जाएगा। 29 जुलाई को संभाग व राज्य स्तर पर सामूहिक अवकाश लिया जाएगा। 30 जुलाई को राजधानी रायपुर में सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

संघ की प्रमुख 17 मांगों में तहसीलों में स्वीकृत पदों की तत्काल पदस्थापना जैसे कंप्यूटर ऑपरेटर, भृत्य, वाहन चालक, आदेशिका वाहक, राजस्व निरीक्षक, पटवारी आदि। यदि पदस्थापना संभव न हो, तो लोक सेवा गारंटी अधिनियम की समय–सीमा वाध्यता से संबंधित तहसीलों को मुक्त किया जाए। तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति में 50:50 अनुपात की पूर्व घोषणा का क्रियान्वयन किया जाए। नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित घोषित करने की घोषणा को लागू किया जाए।. लंबित ग्रेड पे सुधार को शीघ्र पूर्ण किया जाए।. प्रशासनिक कार्यों और प्रोटोकॉल ड्यूटी के लिए शासकीय वाहन या वाहन भत्ता की व्यवस्था की जाए। अनुचित निलबन मामलों में 15 दिवस के भीतर जांच पूर्ण कर बहाली की जाए। न्यायालयीन प्रकरणों को जनशिकायत प्रणाली में शामिल न किया जाए। न्यायालयीन आदेशों के आधार पर एफआईआर न हो, और जज प्रोटेक्शन एक्ट 1985 तथा शासन के 2024 के निर्देशों का कड़ाई से पालन हो।

प्रोटोकॉल ड्यूटी से पृथक न्यायालयीन कार्यों के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ की नियुक्ति, जिससे मानदेय भुगतान सुचारु हो। स्वामित्व योजना, ई कोर्ट, भू–अभिलेख कार्यों के लिए प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति की जाए। भू–अभिलेखीय कार्यों हेतु बहाली, विशेषकर तहसीलदारों की संख्या को देखते हुए। पदेन शासकीय मोबाइल नंबर और डिवाइस की सुविधा, ताकि व्यक्तिगत नंबर की गोपनीयता बनी रहे। राजस्व न्यायालयों में सुरक्षाकमएँ की तैनाती और फील्ड भ्रमण हेतु वाहन की व्यवस्था की जाए। सड़क दुर्घटनाओं में 25,000 की तत्काल आर्थिक सहायता देने के लिए स्पष्ट गाइडलाइन बनाई जाए। संघ को शासन से मान्यता, ताकि मांगों और समाधान पर अधिकारिक संवाद सभव हो सके। राजस्व न्यायालय सु–ढ़ीकरण के लिए विशेषज्ञ समिति/परिषद का गठन किया जाए।



## नव चेतना संगठन अध्यक्ष ने कलेक्टर को दी समिति के कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नव चेतना समाज सेवी संगठन की अध्यक्ष पद्मिनी साहू, उपाध्यक्ष रेणुका निषाद, कोषाध्यक्षा भारती सहारे, सचिव डिकेश्वरी साहू ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात कर समिति द्वारा किए गए समाज सेवा के बारे में जानकारी दी व अब तक का समिति द्वारा किए गए वृहद रूप से पौधारोपण के कार्यक्रमों का विवरण दिया। उन्होंने आगे 300 पेड़ों का पौधारोपण का अपने लक्ष्य की जानकारी दी व कलेक्टर से सहयोग की अपेक्षा की। कलेक्टर द्वारा संगठन को 300 पेड़ प्रदान किया गया, जिसे ग्रुप के द्वारा आस पास सार्वजनिक क्षेत्रें में अति शीघ्र लगाया जाएगा। इस ग्रुप में पद्मिनी देवेंद्र साहू, रेणुका, निषाद, भारती सहारे, डिकेश्वरी साहू, वीणा बघेल, दुर्गा जोशी, आरती साहू, प्रियंका व अन्य सदस्य लगातार समाज सेवा का कार्य कर रहीं हैं।

## महिला कमाण्डो जिले में दो लाख पौधों का रोपण करेंगी

**बालोद।** नगर में 20 जुलाई को पेड़ जरूर लगाहू, अऊ तुहर घर में खातू माटी होही तो साथ में रख लूहूं पेड़ लगाहूं तो गड्डा में भरहू, यह संदेश महिला कमांडो द्वारा ग्रामों में जाकर दिया जा रहा है।

इसके तहत रिसोर्स सेन्टर गुण्डरदेही में बालोद जिले की महिला कमाण्डो प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया था। पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में दो लाख पौधों का रोपण किया जाना है, इसके लिए समुचित व्यवस्था एवं तैयारी की जा रही है। यह कार्य आपका अपना है गांव में जानकारी ले कि कहां कहां पर पौधारोपण हो रहा है, उस स्थान को आप याद रखें, क्योंकि उसकी देखभाल और रक्षा भी आपको करनी है, हम पेड़ के है और पेड़ हमारे हैं। इस अवसर पर कमाण्डो को शपथ दिलायी गई। हम पेड़ के, पेड़ हमारे है हम संकल्प लेते हैं कि बीस जुलाई को पेड़ लगायेंगे और उसकी देखभाल भी करेंगे, उसे रोज एक लोटा जल डालकर उसे जीवित भी रखेंगे।



# तीन मांगें पूरी करने रसोइया संघ का आंदोलन 28 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



लगातार अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने व अधिकारियो कर्मचारियों से मिलकर लगातार अपनी प्रमुख मांग उठाने के बाद भी मांग पूरी न होते देख अब जिले के रसोईयां संघ द्वारा अपनी प्रमुख तीन मांगों को लेकर नया बस स्टैण्ड बालोद में 28 से 30 जुलाई तक हड़ताल पर रहेंगे। इस संबंध में छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईयां संयुक्त संघ द्वारा जिला स्तरीय 3 दिवसीय हड़ताल के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ मध्यान भोजन रसोईयां संघ जिला बालोद के समस्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला के रसोईयां प्रदेश स्तरीय आव्हान के तहत 28 से 30 जुलाई तक जिला स्तरीय तीन दिवसीय हड़ताल रखा गया है। इसमे 30 जुलाई को समस्त रसोईयों द्वारा रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

जिसमें से प्रमुख मांगें है कि रसोईयों को कलेक्टर दर दिया जाए। 50 प्रतिशत घोषणा लागू की जाए। रसोईयों को कार्य से निकालना बंद किया जाए। इस दौरान ज्ञापन सौपने जिला अध्यक्ष नुकेश सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी यादव, जिला सचिव द्वारिका प्रसाद देशमुख, जिला संरक्षक प्रमोद कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष उल्फी यादव, मिडिया प्रभारी मंजूलता कुंभकार, सुलोचना निशाद, जिला सह प्रभारी तामेश्वर सोनभद्र, जिला सह सचिव तामेश्वर निर्मलकर, मलखम रावटे, धन्नू लाल कश्यप उपस्थित थे।

# सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया का भंडार खत्म, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



डीएपी खाद की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। सेवा सहकारी समिति माहुद(बी) में किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ किसान धान समेत अन्य फसलों की बुवाई के बाद अब रोपाई में जुटे हैं, लेकिन इस बार डीएपी खाद (डाय–अमोनियम फॉस्फेट) की भारी कमी से उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सेवा सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया खाद का भंडार खाली है, जिससे किसान समितियों के बार–बार चक्कर काटने को मजबूर हैं। प्रभारी समिति प्रबंधक देवानंद साहू ने बताया 1000 डीपी खाद और 1600 यूरियाबोरी एव पोटाश खादआया था लेकिन अभी किसानो को सोसाइटी में वर्तमान में 900 बोरी डीपी 600 यूरिया खाद की जरुरत है।

सेवा सहकारी समिति माहूद बी अंतर्गत पांच गाव हैं पयाला, माहूद, सलोनी मटिया लगभग किसान की जनसंख्या 1200 सो वही खेत की रकबा 1325 हेक्टेयर पड़ता है किसानों को रोपा, लगाने के डीएपी यूरिया खाद की जरुरत हो लेकिन खाद मिलने के कारण निजि दूकान से खाद लेने के लिये मजबुर है।

किसान प्रदीप, खेलु, नारायण, राकेश, शशी साहू, डागेश्वर, गजाधर महेंद्र ने बताया बताया कि बाजार में कई दुकान दारों के पास डीएपी यूरिया खाद तो है लेकिन वे इसे चोरी छुपे केवल उन किसानों को ही बेच रहे हैं जो डीएपी, खाद के साथ कीटनाशक व खरपतवार नाशक दवाएं लेने को तैयार होता है। उनका कहना था कि ऐसी कृषि दवाओं के मनमाने रेट डीएपी ग्राहक किसानों पर थोंपे जाते हैं। दवा लेने को किसान तैयार नहीं होता तो ऐसे दुकानदार डीएपी देने से साफ तौर पर मना कर देते हैं। किसान सोसाइटी खाद की आस लगाए बैठे हुए की कब इस सोसाइटी में खाद कब उपलब्ध हो जाए रोजाना एक चक्कर सोसाइटी आसपास नजर आते हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
7 दिन
स्लीपर मात्र 12,500/-
गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411